




JAL1KV

# अध्याय 13 आँकड़ों का चित्रात्मक निरूपण

स्कूल की छुट्टी होने के बाद मोनू खेलते–कूदते घर जा रही थी। घर पहुँचने तक रास्ते में उसे कई गाड़ियाँ दिखीं। उसने सभी गाड़ियों के नाम लिखकर एक सूची बनाई और नाम के सामने गाड़ियों के चित्र बना दिए–


| | |
|---|---|
| साइकिल |  |
| साइकिल रिक्शा |  |
| स्कूटर |  |
| बैलगाड़ी |  |
| जीप |  |
| बस |  |
| ट्रक |  |
| ट्रेक्टर |  |

**सूची देखकर बताओ–**

1. मोनू ने कौन कौन सी गाड़ियाँ देखीं ? ——————————————
2. बैलगाड़ी और जीप में किसकी संख्या अधिक है ? ————————————
3. कौन–कौन सी गाड़ियाँ बराबर संख्या में दिखीं ? ————————————
4. कौन सी गाड़ी सबसे अधिक दिखी ? ——————————————

> मोनू ने चित्र के द्वारा गाड़ियों की संख्या बताई है, यही आंकड़ों का चित्रात्मक निरूपण है।

हेमवती की रसोई में सब्जियों की संख्या चित्र में बताई गई है।





चित्र देखकर सब्जियों की संख्या लिखो।


1. गोभी ——————    2. ———————    3. ———————

4. ———————    5. ———————    6. ———————


नीचे दिए गए गमलों को देखो।




गुलाब




गुड़हल



गेंदा



मोगरा







सेवन्ती

चित्र देखकर बताओ

1. गुलाब के फूल कितने हैं? ______________
2. सेवन्ती और मोगरा में से किसके फूल अधिक हैं? ______________
3. गुड़हल और गेंदे में से कौनसे फूल कम हैं? ______________
4. सबसे अधिक कौनसे फूल हैं? ______________
5. सबसे कम कौनसे फूल हैं? ______________
6. कौन–कौनसे फूल बराबर संख्या में हैं ? ______________



मिनेश ने अपने कमरे को जानवरों के खिलौनों से सजाया है। देखो कितने प्यारे खिलौने हैं।

| | |
|---|---|
| शेर |  |
| बन्दर |  |
| हिरण |  |
| मोर |  |
| भालू |  |

**बताओ–**

1. मिनेश के कमरे में कौन–कौनसे जानवरों के खिलौने हैं ? ––––––––––
2. सबसे अधिक कौनसा खिलौना है ? ––––––––––
3. शेर और भालू में से किसके खिलौने अधिक हैं ? ––––––––––
4. किन जानवरों के खिलौनों की संख्या बराबर है ? ––––––––––

अभिषेक की रसोई के बर्तनों को चित्र में दिखाया गया है।

| | |
|---|---|
| गंज |  |
| बोतल |  |
| कुकर |  |
| गिलास |  |
| कप |  |

ऊपर दिए गए चित्रों को देख कर हर एक चित्र के लिए एक खड़ी लाइन बनाओ–

| चित्र | खड़ी लाइन | संख्या |
|---|---|---|
| गंज | \| \| \| | 3 |
| बोतल | | |
| कुकर | | |
| गिलास | | |
| कप | \| \| \| \| \| \| \| \| \| \| \| | 11 |

## स्वयं करो।

1. छुट्टी के दिन सुबह तुम्हारे घर के आसपास जो जानवर दिखते हैं, उनके नाम एक कागज में लिख लो। प्रत्येक जानवर जितनी बार दिखे उसके नाम के सामने उतने ही चित्र बना दो।

## अब चित्र देखकर बताओ।

1. कौनसा जानवर सबसे अधिक बार दिखा ?
2. कौनसा जानवर कम दिखा ?
3. कौन–कौनसे जानवर नहीं दिखे ?
4. क्या घर के आसपास केवल पालतू जानवर होते हैं ?

JAUWHI